कार्यालय मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

महत्वपूर्ण सूचना

विषय:- वर्ष 2023-24 में खेलकूद कोटे के तहत जयपुर मण्डल के पदों पर भर्ती हेतु ट्रायल के संबंध में।

संदर्भ:- 1. RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 08.09.2023

2. इस कार्यालय की सूचना दिनांक 19-02-2024.

RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 08.09.2023 के कम में प्राप्त आवेदनों की जांच करने के उपरान्त पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची इस कार्यालय की संदर्भित सूचना दिनांक 19-02-2024 के द्वारा जारी की गई थी।

दिनांक 19-02-2024 को पात्रता/अपात्रता के संबन्ध मे माँगी गई आपत्ति के सम्बंध मे प्राप्त आपत्तियों पर भर्ती समिति ने अपना पुर्व निर्णय यथावत रखा है।

जयपुर मंडल पर वर्ष 2023-24 हेतु खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु पात्र अभ्यार्थियों की ट्रायल की संभावित तिथि दिनांक 13-03-2024 के बारे में अवगत करवाया गया था। उक्तानुसार प्रशासनिक कारणो से ट्रायल की सम्भावित तिथि को आगे बढाते हुए यह अवगत करवाया जाता है कि ट्रायल हेतु दिनांक निम्न प्रकार है:-

अतः ट्रायल हेतु पात्र अभ्यार्थी अल्प अवधि नोटिस से ट्रायल के लिए तैयार रहे।

क्रम संख्या	खेल क नाम	स्थान	दिनांक
1	Basketball	Ganpati Nagar Basketball Ground, Jaipur	18-03-2024
2	Cricket	Ganpati Nagar Cricket Ground, Jaipur	18-03-2024
3	Wrestling	S.M.S Stadium,Jaipur	19-03-2024
4	Boxing	S.M.S Stadium,Jaipur	19-03-2024
5	Athletics	K.P. Singh Stadium Ganpati Nagar, Jaipur	20-03-2024

उपरोक्त क्रम में अवगत करवाया जाता है कि जयपुर मण्डल पर RRC/JP द्वारा खेलकूद कोटे के तहत भर्ती हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 08.09.2023 के क्रम में Basketball, Cricket, Wrestling, Boxing तथा Athletics के खेलो के लिए सीधी भर्ती हेतु ट्रायल की तिथि दिनांक 18.03.2024 से 20.03.2024 तक निर्धारित की जाती है। ट्रायल जयपुर में ही आयोजित की जायेगी।

Scanned with CamScanner

N.W

पात्र पाये गये सभी अभ्यार्थी ट्रायल हेतु निर्धारित की गई तिथि से एक दिन पूर्व इस कार्यालय में उपस्थित होकर ट्रायल का स्थान एंव समय की जानकारी आवश्यक रूप से प्राप्त करे।

ट्रायल के लिए उपस्थित होने वाले पात्र अभ्यार्थी निम्न निर्देशो का ध्यान रखेः-

1. अभ्यार्थी अपने साथ ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ किये गये सभी दस्तावेजो की मूल प्रति एंव 01 सेट स्वंय द्वारा सत्यापित प्रति ट्रायल में भाग लेने के समय आवश्यक रूप से साथ लावे अन्यथा उन्हे ट्रायल में भाग लेने का अवसर नही दिया जायेगा। यदि कोई दस्तावेज हिन्दी अथवा अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है तो उसका अनुवाद हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्वंय द्वारा सत्यापित कर साथ में लाना होगा। केवल उन्ही दस्तावेजो पर विचार किया जायेगा जिन्हे ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ किया गया हो।

2. ट्रायल हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों को किसी प्रकार का दैनिक / यात्रा भत्ता देय नही होगा।

3. अभ्यार्थी ट्रायल के समय संबंधित खेल की किट आवश्यक रूप से अपने साथ लावे।

4. अभ्यर्थियों को ट्रायल एंव भर्ती की प्रकिया हेतु 02-03 दिन रूकना पड़ सकता है जिसके लिए उन्हे स्वंय के स्तर पर व्यवस्था करनी होगीं।

5. रेल प्रशासन ट्रायल की तिथि में किसी बदलाव, स्थान परिर्वतन अथवा अपरिहार्य परिस्थिति में निरस्त करने का अधिकार रखता है जिसके लिए किसी प्रकार का कोई दावा स्वीकार्य नही होगा।

6. ऑनलाईन आवेदन करते समय अपलोड़ की गई फोटोग्राफ, दस्तावेज सत्यापन / ट्रायल के समय मिलान होनी चाहिये।

7. चयन हेतु किसी भी प्रकार की Canvassing, Misbehavior or Misconduct के लिए उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है जिसके लिए कोई पत्राचार नही किया जायेगा।

8. किसी भी प्रकार की शक्तिवर्धक दवा/ ड्रग्स/स्टॉराईड/एलकोहॉल का उपयोग पूर्णतया वर्जित है तथा उम्मीदवार को आवश्यक होने पर चिकित्सा जांच हेतु भेजा जा सकता है। इन पदार्थों का उपयोग किया जाना पाये जाने पर ट्रायल/भर्ती प्रकिया में भाग नही लेने दिया जायेगा तथा उसकी उम्मीदवारी को रद् करते हुए भारतीय रेलवे की सभी भर्ती प्रकियाओ से वंचित कर दिया जायेगा।

9. किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिरूपण (Impersonation) करने का प्रयास नहीं करना चाहिए या किसी प्रतिरूपक (Impersonator) की सहायता नहीं लेनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवार को सभी आरआरबी / आरआरसी परीक्षाओं या रेलवे में किसी भी नियुक्ति में शामिल होने से आजीवन वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

Scanned with CamScanner

10. उक्त के अतिरिक्त आरआरसी द्वारा जारी की गई अधिसूचना संख्या 05/2023(NWR/Sports/Open Advt.) दिनांक 08.09.2023 में निहित सभी नियम व शर्ते अक्षरशः लागू रहेगी।

11. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके धोखा देने की कोशिश करने वाले दलालों और नौकरी रैकेटर्स से सावधान रहें।

(संख्या- No. E/1068/Sports/RRC/2023-24/Application Form Emp/No.05/2023 Dt.08-09-2023)

14/3/24

(डॉ. हिना अरोड़ा)
वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।